संक्षिप्त समाचार

धूपी खुर्द पंचायत में भ्रष्टाचार का आरोप, ग्रामीणों ने की जांच की मांग



प्रसारण न्यूज ◆ खरगोन

जिले की झिरनिया जनपद पंचायत के धूपी खुर्द के ग्रामीण मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां वर्तमान एवं पूर्व सरपंच के कार्यकाल पर सवाल खड़े करते हुए कथित तौर पर शासकीय राशि का दुरुपयोग कर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की। शिकायत में इंटर पाखरले, दिलीप, सीताराम, महेश आदि ने बताया कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों, शासकीय योजनाओं और पंचायत निधि के उपयोग में गंभीर अनियमितताएं और भ्रष्टाचार की आशंका है। उन्होंने आरोप लगाया कि शासन द्वारा ग्रामीण विकास के लिए दी जाने वाली राशि का उपयोग नियमानुसार और पारदर्शिता के साथ नहीं किया गया। न तो समय पर ग्राम सभा होती है, नही ग्रामीणों को ग्राम सभा की सूचना दी जाती। पंचायत कर्मी एवं कुछ पुनिंदा लोग ही विकास कार्यों का तख्ता- पलटा पारित करते है। शिकायतकर्ता ने पंचायत के बिलों, भुगतानों और कार्यों को लेकर कई सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच आवश्यक है। वाहखले ने ग्राम सभा बैठकों की व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। शिकायत में मांग की गई है कि ग्राम सभा बैठकें नियमानुसार हों, सभी को समय पर सूचना मिले और पंचायत भवन की व्यवस्थाएं सुधारी जाएं।

राहगीर से रुपए से भरा बेग झपटने वाले बदमाश गिरफ्तार, 90 हजार रुपए जब्त

खरगोन निप्र. 4 दिन पहले खलटांका पुलिस चौकी क्षेत्र में सरेराह राहगीर से रुपयों से भरा बेग झपटने वाले बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो बदमाशों के कब्जे से 90 हजार रुपए नकदी जब्त की है। पुलिस गिरफ्त में आया बदमाशों ने चौकाने वाला खुलासा किया है। आरोपियों के मुताबिक यह वारदात उन्होंने अपने महंगे शौक पूरे करने के लिए घटित की थी। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार फील्ड एक्शन और सीसीटीवी कैमरे से मिले फुटेज के आधार पर आरोपियों तक पहुंचे। 24 सितंबर को फरियादी निवासी गोपी विहार कॉलोनी, चौकी से चौकी खलटांका पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि रात्रि लगभग 8 बजे वह आर्मदखोड़ी से तीकरी की ओर पैदल अपने घर जा रहा था। इसी दौरान बोरड़ नदी पुल से पहले दो अज्ञात व्यक्ति पैदल उसके पीछे से आए और धक्का देकर नीचे गिरा दिया। इसके बाद हाथ में रखा पैसों से भरा बैग झपटकर नदी की ओर भाग गए। पुलिस ने उक्त झपटमारों को तलाशने के लिए टीम गठित की। घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। सूचना तंत्र व मुखबीरों को सक्रिय किया। घटना स्थल आने-जाने वाले संभावित रास्तों के फुटेज चैक किये। फुटेज के आधार पर आंनदखेड़ी के रहने वाले सद्दाम उर्फ लंगड़ी पिता मंगू मुंडा और इरफान पिता जाकिर शाह दोनो निवासी ग्राम आंनदखेड़ी को हिरासत में लिया। पूछताछ में उन्होने जुर्म करना स्वीकार किया। लूट के बाद रुपयों से भरा बेग बोरड नदी पुल के नीचे पत्थर की आड़ में छुपाने की जानकारी दी। आरोपियों की निशानदेही पर लूटी गई 90 हजार रुपए की नकदराशि बरामद की गई। रिकार्ड खंगालने पर दोनों आरोपियों के पूर्व से आपराधिक रिकार्ड होने की जानकारी भी पुलिस को मिली है।

खेतों से मोटर पंप एवं केबल चोरी का पर्दाफाश, 8 आरोपियों से मोटर पंप सहित केबल जब्त

खरगोन निप्र. जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई के लिए लगाए गए मोटर पंप चोरी मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ग्राम गांवसन, सिनलोड़ा एवं बरुड़-रोमाधिपली क्षेत्र खेतों से चोरी हुए मोटरपंप और केबल मामले का खुलासा किया है। इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 4 मोटर पम्प एवं ना 200 फीट केबल वायर सहित चोरी में इस्तेमाल की गई, तीन बाईक जब्त की है। थाना बरुड़ पुलिस के अनुसार ग्राम देवनाल्या में 7-8 लड़के मोटर पम्पों को बेचने के लिए किऊ पाव वाहन की तलाश करने की सूचना मिली थी। मामले की गंभीरता देखते हुए तत्काल टीम मौके पर भेजी। ग्राम देवनाल्या में ग्राम पंचायत भवन के सामने से घेराबंदी कर दबिश दी। यहां 8 लड़कों को अलिग्रा में लिया। एक विधि विरुद्ध बालक भी शामिल था। पूछताछ में उक्त मोटर पम्प ग्राम गांवसन, सिनलोड़ा एवं बरुड़ रोमाधिपली क्षेत्र से चोरी करना कबूल किया। रिकार्ड खंगालने पर इन पंप चोरी के अपराध पाए गए। आरोपियों की निशानदेही पर 4 पनडुब्बी पानी की मोटर पम्प एवं 200 फीट केबल वायर की गई। लाख 24 हजार रुपये एवं घटना में प्रयुक्त 3 बाईक जब्त की है।

राजभाषा के उत्कृष्ट प्रयोग एवं प्रगति के लिए प्रयागराज मंडल को मिला विशेष पुरस्कार

प्रसारण न्यूज ◆ प्रयागराज

उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, प्रयागराज को राजभाषा हिंदी के प्रयोग एवं प्रगति के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए वर्ष 2025-26 का विशेष पुरस्कार एवं चल वैजयंती प्रदान की गई। यह पुरस्कार नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-1), प्रयागराज द्वारा प्रदान किया गया।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा केंद्र सरकार के कार्यालयों, उपक्रमों, बैंकों एवं स्वायत्त निकायों में संघ सरकार की राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन, हिंदी के प्रचार-प्रसार तथा प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों (नराकास) का गठन किया जाता है। प्रयागराज में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-1) का गठन मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय में किया गया है।



समिति की अध्यक्षता श्रीमती मीनाक्षी सिंह, मुख्य आयकर आयुक्त द्वारा की जाती है तथा वर्तमान में समिति के 48 सदस्य कार्यालय हैं। समिति द्वारा सदस्य कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के उत्कृष्ट प्रयोग एवं प्रचार-प्रसार को प्रोत्साहित करने के लिए वार्षिक रिपोर्ट के आधार पर प्रतिवर्ष पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, प्रयागराज को वर्ष 2025-26 के दौरान राजभाषा के प्रयोग में हुई प्रगति के लिए चल वैजयंती के विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

उक्त पुरस्कार अध्यक्षा, नराकास (कार्यालय-1) एवं मुख्य आयकर आयुक्त, इलाहाबाद श्रीमती मीनाक्षी सिंह, द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, प्रयागराज की ओर से श्री दीपक कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक (सामान्य) एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी ने ग्रहण किया। इस अवसर पर दीपक कुमार ने मंडल रेल कार्यालय में राजभाषा हिंदी के प्रयोग, प्रचार-प्रसार एवं प्रगति के संबंध में सदस्य कार्यालयों को जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व वर्ष 2023-24 में भी मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, प्रयागराज को राजभाषा के प्रयोग में हुई प्रगति के लिए चल वैजयंती का प्रथम पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। यह सम्मान प्रयागराज मंडल में राजभाषा हिंदी के प्रभावी प्रयोग एवं उसके निरंतर बढ़ते प्रचलन को दर्शाता है।

पीएम आवास योजना की राशि से मकान की जगह बना दिया व्यावसायिक गोदाम

पार्षद ने नगर निगम में शिकायत दर्ज कर जांच और कार्रवाई की मांग की

प्रसारण न्यूज ◆ रतलाम

शहर के वार्ड क्रमांक 26 स्थित लंबी गली (थावरिया बाजार) में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिली राशि के कथित दुरुपयोग का मामला सामने आया है। आरोप है कि आवास निर्माण के लिए मिली राशि से रहने के लिए मकान बनाने के बजाय व्यावसायिक उपयोग के लिए गोदाम का निर्माण कर लिया गया। मामले को लेकर क्षेत्रीय पार्षद उमा रामचन्द्र डोई ने रहवासियों के साथ नगर निगम पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है।

थावरिया बाजार स्थित लंबी गली के रहवासियों की शिकायत के अनुसार, क्षेत्र निवासी राजेश पिता गंगा गिरी के मकान का निर्माण प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किया जाना था। आरोप है कि आवास निर्माण के स्थान पर व्यावसायिक उपयोग के लिए गोदाम बना लिया गया और शासकीय राशि का कथित रूप से दुरुपयोग किया गया।

पार्षद श्रीमती उमा रामचन्द्र डोई ने बताया कि इस मामले में पूर्व में भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने मामले की जांच कर दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के साथ गोदाम का चित्र, राजेश गिरी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र तथा नामांतरण संबंधी दस्तावेज भी नगर निगम को सौंपे गए हैं।

दो साल बाद भी घरों तक नहीं पहुंचा पेयजल

इसी वार्ड में पेयजल समस्या को लेकर भी पार्षद उमा रामचन्द्र डोई ने जनसुनवाई में आयुक्त को पत्र सौंपकर समस्या से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि वार्ड के धवाड़ीजी का वास क्षेत्र में पेयजल पाइप लाइन डाली जा चुकी है, लेकिन करीब दो वर्ष बीतने के बावजूद घरों तक पानी नहीं पहुंच पाया है। पार्षद के अनुसार, वार्ड के कबीर सा का मंदिर, बिचलावास को गली में ठेकेदार द्वारा करीब डेढ़ वर्ष पूर्व पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू किया गया था, जिसे अधूरा छोड़ दिया गया। इसके चलते कई घरों तक पेयजल नहीं पहुंच पा रहा है और रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पार्षद ने कहा कि समस्या को लेकर रहवासी लगातार शिकायत कर रहे हैं। उनका आरोप है कि अब ठेकेदार द्वारा फोन भी नहीं उठाया जा रहा है। उन्होंने नगर निगम आयुक्त से मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

पार्षद उमा रामचन्द्र डोई ने चेतावनी दी है कि यदि सात दिनों के भीतर ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन का अधूरा कार्य पूरा नहीं किया गया तो वह रहवासियों के साथ वार्ड के मुख्य मार्ग पर धरना-प्रदर्शन करेंगी।

महिलाओं, बच्चों एवं किशोरियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया

उज्जैन (निप्र). कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले के सभी 824 आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन सेवा के दूसरे दिन बच्चों, गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं तथा किशोरी बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक पटेल के निर्देशानुसार चिकित्सा अधिकारियों को रोस्टर के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के ड्यू टीकाकरण के साथ गर्भवती महिलाओं की एएनसी चेकअप, एनीमिया जांच, शिशुवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार तथा किशोरी बालिकाओं की बीएमआई और रक्तात्पता की जांच के साथ आवश्यक औषधि वितरण के निर्देश दिए गए थे। निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग के स्थानीय दलों का गठन कर घटिया, खाचरौद, उन्हेल, बड़नगर एवं इंगोरिया के सेक्टर अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। शिविरों स्वास्थ्य जांच के अलावा आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श भी दिया। बाल विकास परियोजना अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करवाया गया। इसके परिणामस्वरूप स्वास्थ्य शिविरों में 20 हजार से अधिक महिलाओं, बच्चों एवं किशोरियों को स्वास्थ्य जांच एवं स्वास्थ्य परामर्श सेवाओं का लाभ मिला।

सामाजिक सरोकार विचारों से क्रांति का सूत्रपात किया भगतसिंह ने





प्रसारण न्यूज ◆ रतलाम

शहीद भगत सिंह ने अपने विचारों से क्रांति का सूत्रपात किया और अंग्रेजों के सामने चुनौती पेश की। भगतसिंह लोकतंत्र की स्थापना और उसके स्वप्न को साकार करने के लिए देश पर कुर्बान हो गए। उनके विचारों को आगे बढ़ाना, उनके विचारों से प्रेरणा लेना और उनके पथ पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है।

यह विचार शहीद भगत सिंह की जयंती पर प्रोग्रेसिव स्टडी सर्किल द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कवि और अनुवादक प्रो. रतन चौहान ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भगत सिंह न सिर्फ अपने विचार से बल्कि अपने आचरण से भी समाज के समक्ष आदर्श प्रस्तुत करते रहे। यही कारण है कि उन्हें आज भी सम्मान के साथ याद किया जाता है।

देश का आधार आर्थिक और सामाजिक समानता-वरिष्ठ रंगकर्मी युसूफ जावेदी ने इस अवसर पर कहा कि भगत सिंह की दृष्टि में सामाजिक समानता, आर्थिक समानता ही देश का आधार थे। वे हर समय ऐसे भारत की संकल्पना करते रहे, जहां इंसानों के बीच कोई भेदभाव नहीं होगा और सभी को उनका हक मिलेगा। ऐसा भारत ही भगत सिंह के सपनों का भारत होगा। वरिष्ठ शायर सिद्दीक रतलामी ने कहा कि भगत सिंह न केवल क्रांतिकारी थे बल्कि अच्छे शायर भी थे। उन्होंने अपनी शायरी के माध्यम से भी युवाओं को अपनी और आकर्षित किया। वरिष्ठ कवि रणजीत सिंह राठौर ने कहा कि भगत सिंह की जेल डायरी उनके जीवन का जीवन का दस्तावेज है। इसमें उनके विचार स्पष्ट व्यक्त हुए हैं।

भगत सिंह के भीतर का पत्रकार था मजबूत-भगत सिंह की पत्रकारिता पर पुस्तक 'समर में शब्द' के लेखक आशीष दशोत्तर ने कहा कि भगत सिंह के भीतर का पत्रकार बहुत मजबूत था। उन्होंने अपनी लेखनी के जरिए उस समय के समाचार पत्रों में जो आलेख लिखे, वे युवा वर्ग के लिए प्रेरणा बने।

इन्होंने भी किए विचार व्यक्त-कार्यक्रम में आई. एल. पुरोहित, इंदु सिन्हा, नरेंद्रसिंह पंवार, जुझार सिंह भाटी, कीर्ति शर्मा, अनीस खान, पद्माकर पागे, गीता राठौर, चरणसिंह जादव, कला डामोर ने भी विचार व्यक्त किए।

प्रारंभ उपस्थित जनों ने भगत सिंह के चित्र पर मलयार बनकर उनका स्मरण किया। इस अवसर पर जनवादी लेखक संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी में मनोनीत पदाधिकारियों का सम्मान भी किया गया। संचालन मांगीलाल नगावत ने किया। आभार एस.के. मिश्रा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर सुधिजन मौजूद थे।

पश्चिम रेलवे पातालपानी -कालाकुंड के बीच हेरीटेज ट्रेन के फेरे बढ़ाएगी

पातालपानी ⇌ कालाकुंड



ट्रेन संख्या	प्रारंभिक स्टेशन एवं गंतव्य	कब से प्रभावी	प्रस्थान	आगमन
52965	पातालपानी-कालाकुंड (सप्ताह में पांच दिन)	29.09.2026	11:05 बजे (मंगल, बुध, शुक्र, शनि और रवि)	13:05 बजे (उसी दिन)
52966	कालाकुंड-पातालपानी (सप्ताह में पांच दिन)	29.09.2026	15:34 बजे (मंगल, बुध, शुक्र, शनि और रवि)	16:30 बजे (उसी दिन)

ट्रेन संख्या 52965 और 52966 के बढ़ाए गए फेरों की बुकिंग सभी पी आर एस काउंटरों और आई आर सी टी सी वेबसाइट पर खुली है। विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें सपोर्ट करें: facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें: @IconWesternRly
हमें कनेक्ट करें: @InstagramWesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ रखें

एक्टस केयर एंड रिकंस्ट्रक्शन एंटरप्राइज लिमिटेड

ACRE MAKING ASSETS WORK

पंजीकृत कार्यालय: 14वीं मंज़िल, इरोस कॉर्पोरेट टावर, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली, 110019 | फ़ोन: 91-11-43115600 | फ़ैक्स: 91-11-43115618
कॉर्पोरेट कार्यालय: यूनिट नंबर: 502, C विंग, वन BKC, रेडियस डेवलपर्स, प्लॉट नंबर: C-66,G-ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई – 400051
फ़ोन: 022 68643101 ई-मेल : acre.arc@acreindia.in | वेबसाइट : www.acreindia.in | CIN : U65993DL2002PLC115769

परिशिष्ट IV-A
अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

'फाइनेंशियल एसेट्स के सिक्युरिटाइज़ेशन और रिकंस्ट्रक्शन और सिक्योरिटी इंटरेस्ट के एनफोर्समेंट एक्ट, 2002' (और 'सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002' के नियम 8(6) और 9(1) के प्रावधान) के तहत अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। आम जनता और खास तौर पर उधारकर्ता(ओं), सह-उधारकर्ता(ओं), बंधककर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को 30 दिन की यह सूचना दी जाती है कि नीचे बताई गई अचल संपत्तियां, जिन्हें **'एसेट्स केयर एंड रिकंस्ट्रक्शन एंटरप्राइज लिमिटेड' (CIN: U65993DL2002PLC115769)** ('सिक्योर्ड क्रेडिटर') के पास बंधक/चार्ज किया गया था और जिनका **सांकेतिक/भौतिक कब्ज़ा सिक्योर्ड क्रेडिटर के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उन्हें "जैसा है, जहाँ है", "जैसा है, वैसा है" और "जो कुछ भी है"** के आधार पर बेचा जाएगा। यह बिक्री नीचे बताए गए उधारकर्ता(ओं), सह-उधारकर्ता(ओं), बंधककर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) से सिक्योर्ड क्रेडिटर की बकाया राशि की वसूली के लिए की जाएगी, साथ ही प्रत्येक संपत्ति के लिए नीचे बताई गई रिज़र्व प्राइस और अर्नेस्ट मनी डिपॉज़िट भी लागू होगी:

सुरक्षित संपत्तियों का विवरण

क्र. सं.	ऋण खाता संख्या / ACRE ट्रस्ट का नाम	उधारकर्ता/ सह-उधारकर्ता/ बंधककर्ता/ गारंटर का नाम	कुल बकाया राशि (INR में)	रिज़र्व प्राइस (रु. में)	अर्नेस्ट मनी डिपॉज़िट (रु. में)	नीलामी की तारीख और समय	EMD जमा करने की अंतिम तारीख और समय	डिमांड ड्राफ्ट, RTGS/NEFT के ज़रिए EMD पेमेंट के लिए बैंक अकाउंट की जानकारी	Barcode Scan to view PDF
1	662034640000018/ Indian Overseas Bank/ ACRE 196 Trust	राजेश सोनी	07.09.2026 तक ₹26,18,072/- (छब्बीस लाख अठारह हज़ार बहत्तर रुपये मात्र) + आगे का ब्याज + उस पर अन्य शुल्क।	रु. 21,00,000/- (रुपये इक्कीस लाख मात्र)	रु. 2,10,000/- (रुपये दो लाख दस हज़ार मात्र)	31 अक्टूबर 2026 को दोपहर 02:30 बजे से दोपहर 03:30 बजे तक।	30-10-2026 शाम 4 बजे तक	बैंक खाते का नाम- ACRE-196-TRUST खाता संख्या - 054302000052351 बैंक का नाम -इंडियन ओवरसीज़ बैंक IFSC कोड-IOBA0000543	

सुरक्षित संपत्ति का विवरण: तीसरी मंज़िल पर अपार्टमेंट नंबर 301, जिसका सुपर बिल्ट-अप एरिया लगभग 975.50 वर्ग फ़ीट (90.65 वर्ग मीटर) है; यह 'राधे गोविंद कुंज' (प्लॉट नंबर 43, श्रीकृष्णपुरा, पेराडाइज़, गाँव-राऊ, तहसील और ज़िला-इंदौर) में स्थित है। इसकी सेल डीड का ई-रजिस्ट्रेशन नंबर MP179092018A1765346 है, जो 20.11.2018 की है।सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व - प्लॉट नंबर 304, पश्चिम - कॉलोनी रोड, उत्तर - अन्य प्लॉट, दक्षिण - प्लॉट नंबर 302।

1	313303464000103/ Indian Overseas Bank/ ACRE 196 Trust	सावित्रीनिर्मल	07-09-2026 तक ₹29,93,458/- (केवल उनतीस लाख तिरानवे हज़ार चार सौ अट्ठावन रुपये) + आगे का ब्याज + उस पर अन्य शुल्क	₹ 21,76,000 (इक्कीस लाख छहत्तर हज़ार मात्र)	₹ 2,17,600/- (दो लाख सत्रह हज़ार छह सौ रुपये मात्र)	31 अक्टूबर 2026 को दोपहर 02:30 बजे से दोपहर 03:30 बजे तक।	30-10-2026 शाम 4 बजे तक	बैंक खाते का नाम- ACRE-196-TRUST खाता संख्या - 054302000052351 बैंक का नाम -इंडियन ओवरसीज़ बैंक IFSC कोड-IOBA0000543	

सुरक्षित संपत्ति का विवरण: रेसिडेंशियल फ़्लैट नंबर 202, 2BHK, दूसरी मंज़िल, जिसका सुपर बिल्ट-अप एरिया 21.20 वर्ग मीटर और बिल्ट-अप एरिया 58.07 वर्ग मीटर है; कुल एरिया 853 वर्ग फ़ीट यानी 79.27 वर्ग मीटर है। यह प्लॉट नंबर 23 और 23-A, सेक्टर-A, नटराज हाउसिंग कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, ग्राम-रतनपुर रोड, P.H. नंबर 26/44, डेवलपमेंट ब्लॉक फंदा, तहसील हुज़ूर, ज़िला भोपाल में बनी मल्टी-स्टोरी बिल्डिंग "वेंश टॉवर-II" का हिस्सा है। यह भोपाल नगर निगम की सीमा के भीतर वार्ड नंबर 84 में मुख्य सड़क से दूर स्थित है और इसकी चारों सीमाएँ इस प्रकार हैं:पूर्व में: प्लॉट नंबर 201, पश्चिम में: सीढ़ियाँ, उत्तर में: कॉरिडोर, दक्षिण में: किसी और की पूंजीमा।

ऊपर बताए गए लोन अकाउंट (और उनसे जुड़े सभी अधिकार, मालिकाना हक, ब्याज, सिक्योरिटी, गिरवी रखी गई चीज़ें और/या गारंटी, जिसमें ऊपर बताई गई अचल संपत्तियां भी शामिल हैं) को 'एसेट्स केयर एंड रिकंस्ट्रक्शन एंटरप्राइज लिमिटेड' को सौंप दिया गया था। यह कंपनी ऊपर दिए गए कॉलम में साफ तौर पर बताए गए अलग-अलग ट्रस्ट के ट्रस्टी के तौर पर काम कर रही है।

नीलामी प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी

1	EMD का भुगतान डिमांड ड्राफ्ट/RTGS/NEFT के ज़रिए संबंधित कॉलम में बताए गए बैंक खातों के पक्ष में किया जाएगा।	
2	नीलामी के लिए वेबसाइट और हेल्पलाइन नंबर	https://www.bankeauctions.com/ and +91-99481-82222
3	समर्थन करने का विवरण	Toll-Free No.: 1800-209-2989 E-mail: auction.support@acreindia.in, Rohan.sawant@acreindia.in
4	संपत्ति के निरीक्षण की तारीख और समय	पहले से तय अपॉइंटमेंट के अनुसार
5	बिक्री की नियत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया वेबसाइट www.acreindia.in या https://www.bankeauctions.com/ पर जाएँ।	

दिनांक: 30.09.2026
स्थान: भोपाल, मध्य प्रदेश

हस्ताक्षर/- अधिकृत अधिकारी
एसेट्स केयर एंड रिकंस्ट्रक्शन एंटरप्राइज लिमिटेड

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग रतलाम

नामांतरण सूचना

मंडल द्वारा विकसित आवासीय कॉलोनी जवाहर नगर रतलाम स्थित भवन क्रमांक एम-90 इस कार्यालय के द्वारा नामांतरण आदेश क्रमांक 474-80 दिनांक 15.03.1996 के द्वारा श्रीमती पेरिन आर. कर्नेलियास पति स्व. श्री रोनाल्ड एम. कर्नेलियास के नाम पर नामांतरित किया गया, जिसका विक्रय लेख उपपंजीयक कार्यालय जिला रतलाम में दिनांक 16.04.2004 को निष्पादित किया गया है।

श्रीमती पेरिन आर. कर्नेलियास पति स्व. श्री रोनाल्ड एम. कर्नेलियास के द्वारा उक्त भवन का विक्रय कर श्रीमती मायादेवी पति श्री ईश्वरलाल टिंडवानी के नाम पर किया गया है, जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय रतलाम में दिनांक 11.04.2011 को निष्पादित किया गया है।

श्रीमती मायादेवी पति श्री ईश्वरलाल टिंडवानी द्वारा उक्त भवन का नामांतरण स्वयं के नाम पर करवाने हेतु इस कार्यालय में आवेदन पत्र, रजिस्ट्री की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, शपथ पत्र आदि प्रस्तुत किए गए हैं। भवन क्रमांक एम-90 जवाहर नगर रतलाम का विक्रय से विक्रय के आधार पर नामांतरण तथा प्रस्तुत दस्तावेज शपथ-पत्र, एवं अन्य दस्तावेज के आधार पर श्रीमती पेरिन आर. कर्नेलियास पति स्व. श्री रोनाल्ड एम. कर्नेलियास के नाम से श्रीमती मायादेवी पति श्री ईश्वरलाल टिंडवानी के नाम पर नामांतरण किया जाना प्रस्तावित है।

इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो मय ठोस प्रमाण पत्र के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 15 दिन की अवधि में लिखित रूप से आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि व्यतीत होने के उपरान्त भवन क्रमांक एम-90 जवाहर नगर रतलाम का नामांतरण श्रीमती पेरिन आर. कर्नेलियास पति स्व. श्री रोनाल्ड एम. कर्नेलियास के नाम से श्रीमती मायादेवी पति श्री ईश्वरलाल टिंडवानी के नाम पर कर दिया जाएगा तथा इसके पश्चात किसी भी प्रकार का दावा या उज्र मान्य नहीं किया जाएगा।

सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग रतलाम

योजना में शामिल करने पर हुई चर्चा

धार (निप्र). कलेक्टर राजीव रंजन मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक कलेक्टर सभागृह में आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित पैक्स कम्प्यूटरीकरण योजना, ई-पैक्स की प्रगति तथा नवीन बी-पैक्स को योजना से जोड़ने सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसी के साथ ही गबन धोखाधड़ी एवं जिला सहकारी विकास समिति की भी बैठक ली गई। बैठक में जिला कलेक्टर द्वारा नार्माकित तीन प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों को रोटेशन के आधार पर समिति में सदस्य के रूप में शामिल किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, धार से संबद्ध 94 संस्थाओं की पैक्स कम्प्यूटरीकरण योजना अंतर्गत ई-पैक्स की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही जिले में गठित नवीन बी-पैक्स को पैक्स कम्प्यूटरीकरण योजना में शामिल किए जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही एवं अनुमोदन पर विचार-विमर्श किया गया। कलेक्टर ने नवीन बी-पैक्स के कम्प्यूटरीकरण के लिए आवश्यक हार्डवेयर की उपलब्धता तथा जिला स्तरीय समिति द्वारा किए जाने वाले अनुमोदन की प्रक्रिया की जानकारी ली। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।